चौधरी रणबीर सिंह स्मृति व्याख्यान-2

गीता का संदेश

कर्तव्यपरायण चौधरी रणबीर सिंह

डा. कर्ण सिंह

द्वितीय चौधरी रणबीर सिंह स्मृति व्याख्यान

(2 फरवरी, 2011)

गीता का सन्देश

डा. कर्ण सिंह

प्रकाशक :

चौधरी रणबीर सिंह शोधपीठ

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक



स्व. चौधरी रणबीर सिंह

(1914–2009)

Welcome to Dr. Karan Singh

Dr. R.P. Hooda,

(Vice-Chancellor)

Distinguished Guests, Esteemed Faculty Colleagues, Dear Students and Present August Gathering !

This day, the 2nd of February, is yet again a solemn occasion when we have assembled here to pay our respects to Ch Ranbir Singh and hear the 2nd Memorial Lecture on his Death Anniversary. Last year, we had with us, on this very day, Shri Pranab Mukherjee, the Hon'ble Finance Minister of India, who spoke for long with authority on some of lesser known aspects of the multifaceted personality of Ch. Ranbir Singh, taking pains to unforld his achievements and contributions for public cause, in a rare role model in almost all important of life.

To deliver the 2nd Ch. Ranbir Singh Memorial Lecture, we have amongst us today a person no less renowned that Dr. Karan Singh, who, I believe, hardly needs any introduction since most of us present in this gathering must have heard, if not personally experienced, the qualities of a real statesman that he possesses. Yet, I would be failing in my humble duty if I do not refresh our memory of what makes Dr. Karan Singh a hugely distinguished person in his own right and by his singular achievements of very high order.

Dr. Karan Singh is indeed a true statesman on the strength of his eloquent qualities and achievements that hardly anyone else possesses.Having earned his doctoral degree from the Delhi University,

with schooling at the iconic Dehradun-based Doon School left behind, Dr. Karan Singh modeled himself as a teacher and grew into a Professor in the real sense, then on becoming an educationist, a prolific writer, and an author of widely acknowledged fame and acclaim. He later took on as an environmentalist of abundant concerns, and acquiring over time much more to be what not. He is indeed a vast reservoir of deep knowledge and understanding of the statecraft, wide experience, and a highly rational thinking person about all domains and dimensions of Natural Goverance.

The list of positions he has held for long, including membership of the Rajya Sabha and the Lok Sabha and other High Powered Coordination and Consultative Committees of the Indian Parliament in almost all important spheres of Governmental working, is indeed too long a story to exhaust narration in the limited time.

Dr. Karan Singh has ably adorned many other high offices like being the Chancellor of the Jawaharlal Nehru University and the Banaras Hindu University, and the Ambassador of India to the United States, and, above all, a Minister in the Union Cabinet too. As I looked for his brief profile from his personal website, happily I would find no place and no position atleast at the national level where he has not worked in the service of the Nation. What a rare personage he truly is, and, we pray, he would always be so for long time to come, to the envy of almost all those who would vie to gain a step-up atleast at the national political ladder scene. A recipient of the coveted Padma Vibhushan, Dr. Singh is currently India's representative on he Executive Board of the UNESCO.

Even as I wish to be brief in sharing with this august gathering what Dr. Karan Singh is and has been, may sense of duty and justice awefully fails me to stop short of saying a few things more about him. Dr. Karan Singh, as a versatile writer that he is, has authorized a large number of rare books and published very many authoritative works on a variety of themes and subjects, covering nationalism, population,

poverty, defence, religion, Hinduism, diplomacy, contemporary essays, poems and songs, and, above all, has also written extensively on the future of humanity and of India in the contest of world scenario.

Among his prominent works are Hinduism : The Eternal Religion, Bridge to Immortality, Humanity at the Crossroads, The Earth Has No Corners, etc. Audio & Video cassettes on he Message of Vedanta, Upanishads, Bhagwad Geeta, and Sri Aurobindo comprise his unique contributions to the Indian religion and civilization. Deep natural interest in spirituality and philosophy and his uncompromising concerns for protection of the fragile global environment together make him a truly multifaceted and the most prominent personality of his kind in the country.

Interestingly, Dr. Karan Singh has not allowed even as diverse a subject as sports to remain untouched by him, as he has been a member of various sports clubs at different levels and places. There is no country on the five continents which he has not visited and in the long process Dr. Karan Singh has gained a superb knowledge and understanding of all major languages, religions, faiths, and cultures of the world.

He entered active politics at an early age, but in this long journey he has significantly deviated, both consciously and unconsciously, from being a part of the political culture that has been steadily developing in our country over the years. Importantly, he has never been either a blind follower or a seeker, unlike almost all others who comprise the larger part of our decaying body politic.

And, let us also not forget that Dr. Karan Singh is the descendent in fact himself being the ruler of the erstwhile princely State of Jammu & Kasmir, who voluntarily surrendered not only all the personal rights and privileges, but also all magnificent properties for the well being, and in the service of the people of India. Happily and proudly we have so highly distinguished and esteemed a person in Dr. Karan Singh present amongst us this fine morning, and in this

Auditorium named afterGurudev Rabindranath Tagore, to deliver the 2nd Ch. Ranbir Singh Memorial Lecture.

Sir, this gathering of students and teachers, representing the University as a whole, is extremely grateful to you to have obliged us by agreeing to deliver today's Memorial Lecture. We all greatly, hugely, proudly and profoundly welcome you to our campus for this good purpose and a solemn occasion.

We also feel beholden to our Hon'ble Chief Minister, Shri Bhupinder Singh Hooda, who by his gracious presence at this movement, has obliged and inspired the campus fraternity, as ever before. Sir, we are venturing to find words appropriate to greet and welcome you to our campus yet again on this particular occasion. Among other dignitaries present, we also warmly welcome Sh. Deepender Hooda, our young, dynamic MP from Rohtak and also Sh. Shadi Lal Batra, for obliging us by their gracious presence on this occasion.

Dr. Karan Singh, Sir, return to you to say that the University has established a Chair in the memory of Late Ch. Ranbir Singh who left this mortal world two years ago on February 1, 2009 having reached a ripe age of 92 years. Under the aegis of this Chair, we have already done a significant work to highlight the contributions made by Ch. Ranbir Singh in the various fields during the long active life. But, we would have to dive to this oceanic to scan through and bring out his real role as a staunch freedom fighter, a versatile parliamentarian, and as an extremely humble and simple pious person who did so much for the welfare of his people, particularly the farmers, the landless agricultural workers, and other downtrodden and oppressed sections of our society.

As we go through his participation in the long debates in the Constituent Assembly, of which he was one of the most active members, leave us wonder struck and highly impressed by his true understanding of the Indian scenario prevailing in those early days, his tremendous

concerns with which he so loudly spoke and fought at various legislative levels, in the true Gandhian role, for the rights of the under-privileged, and his visionary thoughts and actions being truly worthy to be cherished in sweet memory.

To mention only one of the many important things about Ch. Ranbir Singh, it was his vision and action that the agrarian economy of Haryana and Punjab has flourished so much. It has been possible only because of the Bhakra Dam Project which was raised in pursuance of a rare feat of his foresightedness. Its blueish clean waters now flow as far as even to large tracts of once parched lands of Rajasthan.

In compatibility with Ch. Ranbir Singh's unique personal qualities of head and heart that we need to rear and nourish at large, and which he so consciously and unconsciously nurtured and practiced all through his life, Dr. Karan Singh has rightly chosen to speak on the theme : "The Message of Bhagwad Geeta", which is a real tribute to the kind, pious and vibrating-for-the-poor soul of Ch. Ranbir Singh that remained deeply embedded in his body till his last.

As I personally recall and remember Ch. Ranbir Singh, I always see him wearing an innocent broad smile, with his watery, twinkling, eyes trying to say more than what he would fail to say, as he was growing too old.

Revered Dr. Karan Singh, Sir, may I now request you kindly to take over the reins of this Memorial Lecture in your own charismatic style.

गीता का सन्देश

–डा. कर्ण सिंह
(माननीय राज्य सभा सांसद)

हरियाणा के मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी, कुलपति महोदय प्रो. हुड्डा, मंच पर उपस्थित तथा टैगोर सभागार में यहां बड़ी संख्या में उपस्थित महानुभाव, मीडिया के पत्रकार बन्धुओं, बुजुर्गो, भाईयो, बहनों और प्यारे बच्चो!

आपने जिस प्रेम के साथ और जिन शब्दों के साथ मेरा स्वागत किया, उसके लिए मैं धन्यवाद करता हूँ। यदि आप सबकी आज्ञा हो तो मैं अपना भाषण अंग्रेजी की बजाय हिन्दी में दूँ? हालांकि मुझे निमन्त्रण–पत्र अंग्रेजी में आया है।

हरियाणा देशभक्त किसानों की और वीर जवानों की भूमि है। हम सबको हरियाणा पर गर्व है। जब भी कृषि की बात होती है, अनाज की बात होती है या हमारी सीमाओं की रक्षा की बात होती है तो हरियाणा के लोग उसमें आगे मिलते हैं।

मैंने तो अपने जीवन में कई बार हरियाणा के लोगों को देश की सीमा जहां हैं, वहां देखा है। आज हम एक देशभक्त किसान नेता, स्वतंत्रता सेनानी, संविधान सभा के सदस्य, लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्य, समाजसेवक चौधरी रणबीर सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यहां पर इक्कठे हुए हैं। महर्षि दयानंद सरस्वती के नाम पर यहां विश्वविद्यालय है। वह एक महापुरूष थे। उन्होंने हमारी समाजनीति को एक नया मोड़ दिया और उस पर सोने पर सुहागा वाली बात यह है कि गुरूदेव रविन्द्रनाथ ठाकुर के नाम पर यह सभागार है। मुझे यह बड़ा सुन्दर

संगम लग रहा है। इस वर्ष गुरूदेव की डेढ़ सौ जन्म जयन्ति सारे देश में और विदेश में मनाई जा रही है।

भाईयो और बहनों! कांग्रेस के नेतृत्व में देश ने जो स्वतंत्रता संग्राम लड़ा, उसमें हर क्षेत्र से नेता उत्पन्न हुए। कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक और गुजरात से लेकर असम तक ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं रहा, जहां स्थानीय नेता नहीं उभरे। उन्होंने गाँधीवादी विचारधारा और कांग्रेस के परचम के नीचे आजादी की लड़ाई लड़ी। यह एक बड़ी प्रसन्नता की बात है कि हरियाणा में बड़े–बड़े नेता उत्पन्न हुए। मैं देख रहा था कि हुड्डा परिवार में पिछली चौथी पीढ़ी के चौधरी मातूराम थे, चौधरी रणबीर सिंह थे, फिर चौधरी भूपेन्द्र सिंह हैं और अब चौधरी दीपेन्द्र सिंह हैं। पिछली चार पीढ़ियों से यह परिवार हरियाणा की और इस देश की सेवा करता चला आ रहा है। इस बात की हमें बड़ी प्रसन्नता है।

चौधरी रणबीर सिंह के साथ हमारा कई दशकों से संबंध रहा। वे संसद में थे और मैं भी संसद में रहा। कई वर्ष तक लोकसभा में भी और राज्यसभा में रहे। उनके सरल लेकिन, प्रभावशाली भाषण सुनने को मिले। वे जब भी बोलते थे तो किसानों की और मजदूरों की और जो पिछड़े लोग हैं, उनकी बात हमेशा किया करते थे। वे जब भी उठते थे तो कोई न कोई रचनात्मक बात व विचारधारा हमारे सामने रखते थे। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि उन्होंने जो संविधान सभा में भाषण दिए उन्हें मैं रास्ते में पढ़ रहा था और देख रहा था कि किस प्रकार से संविधान सभा में जहां बड़े–बड़े योग्य व्यक्ति बैठे हुए थे, अपने विचार जो प्रकट करने थे, बड़े निडर होकर और सशक्त रूप से उनको प्रस्तुत किया। मुझे प्रसन्नता है कि उनके जो भाषण हैं, वो अब छपे हुए हैं।

आजादी की लड़ाई में हरियाणा ने जो भूमिका निभाई और चौधरी रणबीर सिंह का उसमें जो योगदान रहा, वह भी एक दूसरी पुस्तक मेरे पास आई है। ये अभी आई है। एक पुस्तक तो तब दी गई, जब मैं यहां पहुंचा। अगर पहले दी जाती तो मैं इसे पढ़कर आता। लेकिन, इसको देखने से ही पता चलता है कि इन लोगों ने कितना कार्य किया है, इस देश के लिए। उन्होंने अपने भाषण में जो मुद्दे उठाए, वे मुद्दे आज भी महत्वपूर्ण हैं। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि हमारे चौधरी भूपेन्द्र सिंह जी बड़े कर्मठ रूप से उन्हीं मुद्दों को लेकर आगे चल रहे हैं और हरियाणा दिन–प्रतिदिन तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

चूंकि हम दिल्ली में रहते हैं तो अक्सर हरियाणा में कहीं न कहीं से आने–जाने का अवसर मिलता है और हमारी आँखों के सामने इस राज्य की तरक्की हो रही है। हम शुभकामना करते हैं कि हरियाणा हमारे देश का एक अग्रसर क्षेत्र रहेगा और यहां के जो बहादुर लोग हैं, वे देश की सेवा करते रहेंगे।

प्रश्न यह उठता है कि आज बोलने के लिए क्या विषय लूँ? वैसे तो आजकल बहुत सारे विषय हैं। राजनीति है, अर्थनीति है, प्रशासन नीति है, विदेश नीति है। कई नीतियां हैं। लेकिन, चौधरी साहब (मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा)! मुझे लगा कि कभी–कभी धर्म नीति पर भी बात करनी चाहिए। क्योंकि, बाकी नीतियां तो सब चल ही रही हैं। जो देश में हो रहा है,, वो आप देख ही रहे हैं। लेकिन हमें कभी–कभी धर्मनीति की बात भी करनी चाहिए और धर्म की अभिव्यक्ति करनी चाहिए ताकि जो हमारी आज की परिस्थितियां हैं और कल आने वाले जो संकट हैं, उनमें हमारे लिए लाभप्रद हों। इसलिए मैंने यह सोचा कि भगवद् गीता के बारे में कुछ विचार आपके सामने रखूं।

आज बहुत तरक्की करते हुए भी मानव जाति एक चौराहे पर खड़ी है। मैं देश–विदेश में जाता हूँ। मैं देख रहा हूँ कि एक चेतना का समुद्र–मन्थन हो रहा है। साईंस ऑफ टैक्नोलॉजी ने बहुत शक्ति हमें दी है। बहुत अद्भूत कारनामें हुए हैं। लेकिन, उसके साथ–साथ कई कुरीतियां भी आ रही हैं और अतीत टूटता जा रहा है। नए का जन्म स्पष्ट नहीं हो रहा है और हमारी पीढ़ी तो त्रिशंकु की तरह अतीत और भविष्य में अपने आपको पाती है। ऐसी परिस्थिति में हम अपने शास्त्रों की ओर देखते हैं। इसलिए नहीं कि हम वापस जाएं। हम वापस कभी नहीं जा सकते। मार्ग तो हमेशा भविष्य की ओर जाता है। लेकिन, उन शास्त्रों से हम क्या सीख सकते हैं और क्या शक्ति उनसे प्राप्त कर सकते हैं?

हमारे शास्त्र भी अनेक हैं। उनमें ब्राह्मण हैं, अरण्य हैं, उपनिषद् हैं, जिनको मैं सर्वोपरि मानता हूँ, उसके बाद पुराण हैं, इतिहास है। हमारे शास्त्र बहुत ही विस्तृत हैं। उनके एक–एक मंत्र की व्याख्या विद्वान कई–कई घण्टे तक करते रहते हैं। लेकिन, इन सब शास्त्रों में एक 700 श्लोंको का ग्रन्थ है, जिसका अद्भूत महत्व कई वर्षों से, दशकों से उभरा है, वह है भगवद् गीता।

शंकराचार्य एक स्थान पर लिखते हैं कि

भगवद् गीता किन्चितधीता
गङ्गाजल लवेकणिका पीता।

अर्थात भगवद् गीता का थोड़ा सा भी ज्ञान हो तो बहुत बड़े भय से हमें मुक्ति मिलती है और गीता स्वयं कहती है –

'स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्'

इस धर्म का थोड़ा सा भी अंश हो तो हम बहुत बड़े भय से मुक्त हो जाते हैं। क्योंकि मानव भयभीत है आज। अनेक प्रकार के भय हैं कि क्या होगा? युद्ध होगा, नहीं होगा? नौकरी मिलेगी या नही मिलेगी? क्या परिस्थिति होगी? भय से हम मुक्त हो सकते हैं। हमारे जितने भी बड़े–बड़े आचार्य हुए हैं, उन सबको गीता के ऊपर टिप्पणी लिखना आवश्यक हुआ है। शंकराचार्य, वल्लभाचार्य, मध्वाचार्य आदि कोई भी ऐसा आचार्य नहीं है, जो गीता के ऊपर टिप्पणी लिखने के बगैर अपने मत को स्थापित कर सकता है। इसलिए गीता का एक बहुत बड़ा महत्व है।

वह क्या कारण है कि गीता इतनी महत्वपूर्ण है? मैं चार कारण आपके सामने रखना चाहता हूँ। पहला कारण तो यह है कि गीता एक संघर्ष का शास्त्र है और मानव जाति अपने आपको एक संघर्ष की परिस्थिति में पाती है। उपनिषद का वातावरण बिल्कुल भिन्न है। एकान्त स्थान के ऊपर गुरू बैठते हैं, शिष्य नीचे बैठते हैं। विचार–विमर्श होता है। लेकिन, गीता का युद्धभूमि के अन्दर प्रकाट्य होता है। आज मानव जाति एकान्त आश्रम में नहीं बैठी हुई है। सारा संसार ही एक प्रकार से कुरूक्षेत्र बन गया है। कुरूक्षेत्र केवल आपके हरियाणा में एक स्थान नहीं है, हर मानव की चेतना के अन्दर कुरूक्षेत्र है। उस कुरूक्षेत्र के अन्दर दैवीय व आसुरी शक्तियों के बीच परस्पर युद्ध चलता रहता है। क्योंकि यह एक संघर्ष का शास्त्र है, इसलिए इसका बड़ा महत्व रहता है।

तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयाः।
सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्य च।।

कृष्ण कहते हैं कि –

तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयाः।

लेकिन, यहां एक बात याद रखिए कि यह युद्ध केवल कौरवों और पाण्डवों का नहीं है। यह युद्ध हर व्यक्ति की चेतना के अन्दर दैविक और

आसुरी शक्तियायें का युद्ध है और युद्ध केवल एक बार नहीं लड़ा गया, हजारों बार यह युद्ध हमें अपनी जीवन में रोज लड़ना है। इसलिए पहला कारण तो गीता के महत्व का यह है कि यह एक संघर्ष का शास्त्र है और हम एक संघर्षमय परिस्थिति के बीच अपने आपको पाते हैं।

दूसरा कारण यह है कि गीता में गुरू का बड़ा विलक्षण स्वरूप है। हर शास्त्र में गुरू का महत्व है।

अज्ञान तिमिरान्धस्य, ज्ञानान्जन षलाकया,
चक्षुरून्मीलितं येन, तस्मै श्री गुरूवे नमः।।

गुरू की बड़ी प्रशंसा की गई है। हर शास्त्र में गुरू है। उपनिषद् में कई गुरू मिलते हैं। लेकिन, गीता में गुरू के रूप में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण हमारे सामने आते हैं। यह एक बड़ी अद्भूत बात है। और भी बहुत बड़े गुरू हैं। यज्ञवल्क हुए हैं, अंगीरस हुए हैं। उपनिषद् में एक से बढ़कर एक गुरू हैं। लेकिन, भगवद् गीता में श्रीकृष्ण ही गुरू का स्वरूप धारण करके आते हैं और उनके अनेक स्वरूप सामने आते हैं। लेकिन, महत्व की बात यह है कि गीता में वे सारथि के रूप में रथ पर बैठे हुए हैं, अर्जुन के साथ, एक मित्र के रूप में। आम तौरपर होता यह है कि मालिक जो होता है रथ का, वह बड़ा होता है और जो चालक होता है, वह उसके अधीन होता है। लेकिन, गीता में रथ के चालक हैं वह गुरू हैं और रथ में जो बैठे हुए हैं, वह शिष्य हैं। यह वह परिस्थिति विलक्षण स्वरूप गुरू का गीता में है। इसे मैं गीता के महत्व का दूसरा मुख्य कारण मानता हूँ।

तीसरा कारण है गुरू और शिष्य का निकटतम संबंध। गुरू–शिष्य का संबंध हमेशा होता है। लेकिन, जितना निकट संबंध श्रीकृष्ण और अर्जुन का रहा है, उतना मैंने और किसी शास्त्र में नहीं देखा। उसकी अभिव्यक्ति तब होती है, जब अर्जुन विश्व–रूप दर्शन कर लेते हैं और फिर नतमस्तक होकर प्रणाम करते हैं और कहते हैं–

तस्मात्प्रणम्य प्रणिधाय कायंप्रसादये त्वामहमीड्यम।
पितेव पुत्रस्य सखेव सख्युः प्रिय प्रियायार्हसि देव सोढुम।।

देखिए, यह कितना सुन्दर श्लोक है। कहते हैं कि आपने मुझे विश्वरूप दर्शन कराया, मैं आपको प्रणाम करता हूँ। आपसे मैं ऐसा आशीर्वाद चाहता हूँ जैसे कि 'पितेव पुत्रस्य', जैसे पिता अपने पुत्र को प्रेम करता है। कहते हैं कि पुत्र से बढ़कर और कोई प्रिय वस्तु नहीं होती है।

लेकिन, वह भी नहीं। क्योंकि पिता और पुत्र का भी जो संबंध है, वो भी पारिवारिक बन्धनों में जकड़ा हुआ है। उससे बढ़कर 'सखेव सख्युः', जो एक मित्र और दोस्त का संबंध है, कृष्ण और सुदामा संबंधित हो सकते हैं, एक राजा और रंक के मित्र हो सकते हैं, तो 'प्रियायार्हसि देव सोढुमः', जैसे एक मित्र के साथ सम्बंध, परन्तु उससे भी बढ़कर, 'प्रियायार्हसि', जैसे एक प्रिय अपने प्रियतम से प्यार करता है।

ये तीनों संबंध पिता और पुत्र का सम्बन्ध, सखा और मित्र का संबंध, प्रिया और प्रियतम का संबंध, तीनों सम्बंध जुड़कर कृष्ण और अर्जुन के रूप में हमारे सामने आता है। ऐसा संबंध, मैंने करीब–करीब सारे शास्त्र पढ़े हैं, मुझ और कहीं नहीं मिला। यही एक कारण है कि गीता का जो सन्देश है, हमेशा से हमारे हृदय को छूता है। क्योंकि यहां ऐसा नहीं है कि कोई अदृश्य रूप से बैठकर हमें यह कह रहा है कि यह करो, वह करो, यह नहीं करो, वह नहीं करो। हमारे साथ बैठे हुए हैं, हमारे रथ में हैं। हमारी चेतना के अन्दर वह शक्ति बैठी हुई है, जो हमारे निकटम है और जो हमारा मार्गदर्शन कर रही है। यह तीसरा कारण है गीता के महत्व का।

पहले मैंने आपको बताया कि गीता संघर्ष का शास्त्र है और हम संघर्षमय परिस्थिति में है। दूसरा, गीता गुरू का विलक्षण स्वरूप श्रीकृष्ण के रूप में स्वयं है। तीसरा गुरू और शिष्य का अद्भूत निकटतम संबंध और चौथा कारण है, गीता की विचारधारा और उसकी सार्वजनिक व्यवहारिकता।

गीता किसी विशेष वर्ण के लिए, किसी विशेष कर्म के लिए, किसी विशेष जाति के लिए नहीं है। गीता का सन्देश मानव जाति के लिए है और गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने स्पष्ट कहा है कि

योयो यांयां तनुं भक्तश्श्रदयार्चितुमिच्छति।
तस्यतस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम्।।

कितनी बड़ी बात कह दी कि जो भी, जिस प्रकार से श्रद्धा के साथ, मुझे पूजता है, जब मुझे कहते हैं, तो मुझे वसुदेव के लड़के, वसुदेव ही नहीं, मुझे दैविक शक्ति के रूप में अपने आपको वहां प्रस्तुत करते हैं। जो भी जिस प्रकार से देवत्व की ओर आता है, हम उसकी श्रद्धा को बढ़ाते हैं। यह हमारे ऋग्वेद में एक महत्वपूर्ण विचारधारा है।

एकं सत विप्राः बहुधा वदन्ति।

सच्चाई एक है, उसे समझने की, अभिव्यक्त करने के अलग–अलग मार्ग हैं। उस विचारधारा को इस प्रकार से गीता में लाया गया है। इसलिए यह समझना कि गीता किसी विशेष वर्ण या धर्म या वर्ग या देश तक सीमित है, ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। सारी दुनिया में गीता का महत्व है। क्योंकि यह शास्त्र ही इस प्रकार का है।

ये चार कारण मैं मानता हूँ कि गीता का इतना महत्व क्यों है? फिर प्रश्न उठता है कि गीता सन्देश है क्या? गीता का सन्देश तो बहुत समृद्ध है। बहुत गूढ़ है। लेकिन, यहां भी मैं केवल चार मुद्दे आपके सामने रखना चाहता हूँ, जो मेरे विचार में गीता के सन्देश का सार है।

सर्वप्रथम तो कर्म की व्याख्या। कर्म क्या करना चाहिए? यह हर आदमी के सामने प्रश्न आता है। चाहे छात्र हो, चाहे कारोबार में हो, चाहे राजनीति में हो और चाहे किसी भी अन्य क्षेत्र में हो। कर्म करना क्या है अब? अब कर्म की व्याख्या को कोई सूची तो बन नहीं सकती कि यह परिस्थिति हो तो ये करो और यह परिस्थिति हो तो यह करो। गीता हमें एक मंत्र देती है और यह कहती है कि कर्म बहुत कठिन है।

गहना कर्मणो गतिः

गीता स्वयं मानती है। लेकिन, एक श्लोक में गीता ऐसा मंत्र देती है जो सारी उम्र हमारे साथ रह सकता है। भगवान श्रीकृष्ण एक स्थान पर कहते हैं –

यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिद्र ततम्।
सव्कर्मणा तमभ्यचर्य सिद्धिं विन्दति मानवः।।

अर्थात्, शक्ति, जो सारे ब्रह्मण्ड में ओतप्रोत है,

इशावास्यमिदं सर्वं, यत्किंच्य जगतां जगत।

उस शक्ति को यदि हम अपने कर्म से पूजा करें तो सिद्धि की ओर हम जा सकते हैं। यह कर्मयोग की व्याख्या है। यह नहीं कि कोई भी कर्म, कर्मयोग है। आप दुष्ट कर्म करेंगे, आप लोगों को कष्ट देंगे, आप अहंकार के कारण या स्वार्थ के कारण दुर्व्यवहार करेंगे, वो कोई कर्मयोग नहीं माना जाता। कर्मयोग वह होता है, जो आप अपने इष्ट, अपने भगवान के चरणों में रखकर करते हैं।

यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिद्र ततम्।
सव्कर्मणा तमभ्यचर्य सिद्धिं विन्दति मानवः।।

यह जो सारी शक्ति है, 'सव्कर्मणा तमभ्यचर्य' अपने कर्म से अगर आप उसकी पूजा करोगे तो 'सिद्धि विन्दति मानवः', मानव सिद्धि की ओर आता है। अगर आप यह कर्मयोग अपनाएं, तब आप गलत कर्म नहीं कर सकते। क्योंकि, ज्यों ही आप गलत कर्म करेंगे, तो आपको लगेगा कि भई यह कर्म तो मैं भगवान को चढ़ा नहीं सकता हूँ। गीता ने हमें आन्तरिक ही ऐसा मंत्र दे रखा है कि यदि हम कर्मयोग के ऊपर चलें तो हमें अपने जीवन में मार्गदर्शन होगा कि क्या हमें करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए? हमारे अन्दर ही वो विवेक की शक्ति हो जाएगी, यदि सारे कर्म हम अपने इष्टदेव के चरणों में समर्पित करें। कर्म की व्याख्या, गीता का पहला सन्देश है।

गीता का दूसरा सन्देश है, सम्पूर्ण योग। आप जानते हैं कि हमारी संस्कृति में चार प्रमुख योग हैं, ज्ञानयोग, भक्तियोग, कर्मयोग और राजयोग। गीता एक ऐसा शास्त्र है, जिसमें चारों योगों को इक्कठा करके एक सम्पूर्ण योग हमारे सामने रखा गया है, जिसके बारे में अरविन्दो जोड़ का योग कहते थे। उसमें हमने ज्ञानयोग की बात की।

नहि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।

ज्ञान में हमें पढ़ना चाहिए। उपनिषद् पढ़ें और शास्त्र पढ़ें, सत्य और असत्य का विवेक करने की क्षमता पैदा करें। आज इतनी नई विद्यायें उत्पन्न हो रही हैं, हमें उन्हें अपनाना है।

आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः।

जहां से अच्छे विचार आएं, उन्हें अपनाना, उसे ज्ञान योग कहते हैं।

मस्तिष्क का योग, दूसरा भक्तियोग है। भक्तियोग, हृदय का योग है। जब तक आपके हृदय के पटल नहीं खुलेंगे, जब तक भगवान के प्रति आपको प्रेम नहीं हो जाएगा, भगवान के प्रति आशिक नहीं हो जाएंगे, जैसे जलालुदीन रूमी आशिक हो गए थे या जैसे मीराबाई आशिक हो गई थी या तुलसीदास आशिक हो गए थे, तब तक आपका पूरा भक्तियोग चलेगा नहीं। इसलिए भक्तियोग की भी आवश्यकता है।

कोई भी भगवान हो, शंकर भगवान हो, मैं तो शिवजी का भक्त हूँ।

यतत कर्म करो।
वितत खिलम् संबोतवार्धानम्।

आप कृष्ण भक्त हैं या अन्य जिसके भी भक्त हैं, जीजस के भक्त हैं या फिर किसी भी धर्म के है, धर्म की बात नहीं, जिसके प्रति आपकी श्रद्धा हो, जब तक उसके साथ आपका प्रेम नहीं होगा, जब तक आपके हृदय का पटल नहीं खुलेगा, तब तक आपका योग सम्पूर्ण योग नहीं होगा।

केवल मस्तिष्क से आदमी नहीं बढ़ सकता है। जब तक हृदय नहीं खुलता। मस्तिष्क और हृदय जहाज के दो इंजन होते हैं। दोनों इक्कठे चलें, तभी हमारा जहाज अध्यात्मिक मार्ग से उड़ सकता है।

तीसरा है कर्मयोग, जो मैंने आपको बता दिया। कर्मयोग की व्याख्या की जा चुकी है। चौथा है, राजयोग। राजयोग में थोड़ा प्राणायाम, हठयोग, या आसन्न इत्यादि होते हैं। उसके बारे में गीता में भी पढ़ें। सातवें अध्याय में तो हमें पर्याप्त जानकारी मिल जाती है। कैसे बैठना चाहिए? कैसे श्वास लेना चाहिए और कैसे ध्यान करना चाहिए? ये चारो योग हैं। बेहद महत्वपूर्ण हैं। आज के घोर कलयुग में तो मैं मानता हूँ कि एक योग से काम चलेगा भी नहीं। आज ऐसी भयंकर परिस्थितियां हैं कि हर व्यक्ति को चारों योग की आवश्यकता है। आपको ज्ञानी भी बनना है। आपको भक्त भी बनना है। आपको कर्मयोगी भी बनना है और आपको कुछ न कुछ राजयोग भी करना है।

चारों योगों को इक्कठा करके फिर एक सम्पूर्ण योग गीता हमारे सामने रखती है। यह गीता का दूसरा महत्वपूर्ण सन्देश है।

गीता का तीसरा सन्देश है, सम्पूर्ण आश्वासन। आश्वासन देते हैं भगवान !

कौन्तेय प्रतिजानिहि न मे भक्तः प्रणश्रयति।

मेरा भक्त नाश नहीं होगा।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।
परित्राणाय साधुनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्म संस्थापनार्याय सम्भवामि युगे युगे।।

भगवान आश्वासन देते रहते हैं कि हम आएंगे। लेकिन, इसमें चौधरी साहब, मैं एक बात कहना चाहता हूँ, जो शायद आपने सुनी हो। आश्वासन तो वे देते हैं, लेकिन, हमें उन आश्वासनों के ऊपर उन्हें बांधना है।

देखिए, मंत्री आश्वासन देता है, एक कमेटी बनी हुई होती है, 'एश्योरेन्स कमेटी, जो यह स्मरण कराती है कि आपने यह वायदा किया था, वह पूरा किया या नहीं? हमें भी भगवान श्री कृष्ण से पूछना पड़ेगा। भगवान श्रीकृष्ण जी बड़े चालाक हैं। टेढ़े खड़े होते हैं, वे सीधे नहीं हैं वे अपनी माया के जाल से सबको नचाते हैं।

हमें श्रीकृष्ण को बांधना है कि आपने हमें आश्वासन दिया है तो आप कब आएंगे?

हमने माना के तगाफुल ना करोगे
लेकिन खाक हो जाऐंगे हम
तुमको खबर होने तक।

जब तक आप आएंगे, तब तक यहां सब समाप्त हो जाएगा, तब आपके आने का क्या लाभ होगा?

इसलिए हमें अपनी भक्ति से, अपनी श्रद्धा से, अपने कर्म से, हमें श्रीकृष्ण को बांधना होगा कि आपने हमें यह आश्वासन दिया है। अब यह आश्वासन आप पूरा करें।

श्री अरविन्दो लिखते हैं कि अगर नीचे से वास्तव में इस प्रकार की पूकार जाती है तो ऊपर से अवश्य उसका प्रतिबिम्ब आता है। इसलिए केवल हम आश्वासन से आश्वस्त न होते हुए, हम ये पुरजोर प्रयत्न करें कि उस आश्वासन को पूरा किया जाए। वह तब पूरा हो सकता है, जब हम अपने प्रयत्न, और अपनी चेतना को बढ़ाएं।

खुदी को कर बुलन्द इतना कि
हर तदबीर से पहले।
खुदा खुद बन्दे से पूछे कि
बता तेरी रजा क्या है!

खुदी की बुलन्दी को योग कहते हैं। अपनी आंतरिक चेतना को उभारना, उसे योग कहते हैं। जब हम खुदी को उभारेंगे तो ही खुदा हमें

पूछेगा। अगर हमने खुदी को ही नहीं उभारा तो हमें भला कौन पूछेगा? अगर हमने अपनी चेतना को नहीं उभारा तो श्रीकृष्ण हमें आश्वासन देते रहेंगे, उसके ऊपर खरे नहीं उतरेंगे।

इसलिए हमारे ऊपर यह जिम्मेदारी आती है कि जब उन्होंने हमें आश्वासन दिया है, तो हम उसमें बांधकर रखें।

चौथा व अंतिम मुद्दा आपके सामने रखना चाहता हूँ। क्योंकि, विषय बहुत लम्बा है, लेकिन, ये चार मुद्दे मैंने गीता के रखे हैं। कर्म की व्याख्या, सम्पूर्ण योग, सम्पर्ण आश्वासन और अंततोगत्वा सम्पूर्ण समर्पण।

गीता के अंत में जब सारे प्रश्नोत्तर समाप्त हो जाते हैं, तो भगवान स्वयं कुछ बात कहते हैं, बिना किसी प्रश्न के। नहीं तो सारी गीता में सब प्रश्न–उत्तर ही हैं। हमारे उपनिषद भी प्रश्नोत्तर ही हैं। गीता भी प्रश्नोत्तर ही है। आरंभ ही प्रश्न से होता है। अर्जुन कहते हैं –

कार्पण्यदोषोपहतस्वभावः पृच्छामि तवां धर्मसम्मूढ़चेताः।
यच्छ्रेयस्स्यान्निशिचतं ब्रूहि तन्मे
शिष्यस्तेहं भाधि मां त्वां प्रपन्नम्।।

अर्थात्, इस समय मैं भ्रमित हूँ, आप ही बताईये कि मुझे क्या करना चाहिए? सम्पूर्ण गीता में सवाल–जवाब का क्रम ही चलता रहता है। लेकिन, अठारहवें अध्याय में जब सब सवाल–जवाब समाप्त हो जाते हैं तो भगवान स्वयं एक श्लोक कहते हैं, जिसका बड़ा महत्व है। वो कहते हैं –

सर्वधर्मान परितज्य मामेकं शरणं वज्रः।
अहं त्वा सर्व पापेभ्यो मोक्षयिस्यामि मा शुचः।।

अंत में कहते हैं कि ये धर्म क्या होता है? 'धारियति धर्मः', जो हमें धारण करता है। हमारी विचारधारा। कुछ लोग समझते हैं कि उनका धर्म उन्हें धारण करेगा, कुछ समझते हैं कि राजनीतिक शक्ति धारण करेगी। अंततोगत्वा ये सब चीजें रह जाएंगी। केवल दैविक शक्ति ही धारण कर सकती है। इसलिए वे कहते हैं , 'सर्वधर्मान परितज्य मामेकं शरणं वज्रः' मेरी ही शरण आ। मैं फिर कहूँगा कि जब मेरे कहते हैं, वो केवल वसुदेव के रूप में नहीं कहते हैं। वे दैविक शक्ति के प्रतीक के रूप में कह रहे हैं।

मामेकं भारणं वज्रः
अहं त्वा सर्व पापेभ्यो
मोक्षयिस्यामि मा शुचः

मैं तुम्हें सब पापों से मुक्त करूंगा।

'मा शुचः' यही आखिरी शब्द जो गीता कहती है, 'मा शुचः', 'डरो नहीं।' जैसे एक बच्चा अंधेरे कमरे में जा रहा हो और माँ पीछे से खड़ी होकर कहती है कि बेटा डरो नहीं, मैं तुम्हारे साथ हूँ।

सारा ज्ञान देकर अंत में श्रीकृष्ण कहते हैं कि डरो नहीं, मैं तुम्हारे साथ हूँ। मेरी शक्ति तुम्हारे साथ है।

भाईयो और बहनों! अगर आज हम अपने हृदय को शांत करके काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार के कोलाहल से निकलकर यदि सुन सकें तो जरूर सुनें। आज भी श्रीकृष्ण की बंसुरी बज रही है और आज भी उनका सन्देश हमारी चेतना के गम्भीरतम स्थान में गूँज रहा है। सुनने की क्षमता होनी चाहिए। इसलिए मुझे लगता है कि गीता का महत्व है, उसका सन्देश है और मैं अंत में भगवान श्री कृष्ण के ही चरणों में एक श्लोक अर्पित करता हूँ, जिसका यह अर्थ है कि –

हे भगवान! आज ही हमारी चेतना को अपने चरणों में ले लीजिए। अंतिम समय आए, न जाने कहां होंगे, आईसीयू में होंगे, कहां होंगे? कुछ आवाज निकलेगी भी या नहीं निकलेगी! क्या परिस्थितियां होंगी! इसलिए विलम्ब न करें, आज ही हमें अपनी शरण में ले लें।

कृष्ण! त्वदीय पद–पङ्.कज–पंजरान्तम्
अद्यैव मे विशतु मानस–राजहंसः।
प्राण–प्रयाण–समये कफ–वात–पितैः
कण्ठावरोधन–विधौ स्मरणं कुतस्ंते।।

सम्बोधन

–चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

(माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार)

माननीय डा. कर्ण सिंह जी, यहां पर उपस्थित हमारे साथी विधायक विनोद शर्मा जी, भारत भूषण बत्तरा जी, विधायक श्रीकृष्ण हुड्डा जी, डा. रघुबीर काद्यान जी, वाईस चांसलर आर.पी. हुड्डा जी, चौधरी रणबीर सिंह चेयर के अध्यक्ष चौधरी ज्ञान सिंह जी, डा. राजबीर सिंह जी, उपस्थित मेरे बुजुर्गों, नौजवान साथियो, प्यारे बच्चो और मातृ–शक्ति!

दिवंगत चौधरी रणबीर सिंह जी पर 'द्वितीय स्मृति व्याख्यान' देने, डा. कर्ण सिंह जी आए हैं। मैं समझता हूँ कि जिस प्रकार महर्षि दयानंद के नाम के विश्वविद्यालय में गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर नाम से यह ऑडिटोरियम होने का सुन्दर संयोग है, उसी प्रकार से कर्मयोगी चौधरी रणबीर सिंह स्मृति व्याख्यान के अवसर पर डा. कर्ण सिंह जैसे विद्वान व्याख्यान देने के लिए आए हैं, इससे बढ़िया संयोग और कोई हो नहीं सकता है।

आपने डा. साहब को सुना और समझा। ये स्वयं में इतिहास हैं। डा. कर्ण सिंह, उस परिवार से हैं, जिन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट कश्मीर को भारत के साथ जोड़ा। ये महान विद्वान हैं। इन्होंने छोटी सी उम्र में ही महाराजा का ताज पहना। इन्होंने विभिन्न सदनों, लोकसभा, राज्य सभा हो या फिर अन्य कोई संस्थान, हर जगह उल्लेखनीय कार्य किया है; देश सेवा का काम किया है और अब भी कर रहे हैं। ये जो चेतना

लेकर यहां आए हैं, वह आप सबके सामने है। इन्होंने अपने व्याख्यान के लिए 'भगवद् गीता का सन्देश' विषय चुना है, वह आज के समय की पुकार था और मैं समझता हूँ कि उससे ज्यादा उपयुक्त विषय और कोई हो भी नहीं सकता था।

आज दुनिया में अजीब तरह का वातावरण बना हुआ है। हमारे देश व समाज में जिस प्रकार की परिस्थितियां बनी हुई हैं, कहीं जातपात की लड़ाई है, कहीं ऊंच–नीच की लड़ाई है, कहीं धर्मों की लड़ाई है, इन सब समस्याओं का हल अगर कहीं मिल सकता है तो जैसा कि डा. साहब ने कहा, वह गीता में मिल सकता है।

प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती। सब कुछ आपके सामने है। हमारा देश विभिन्न भाषाओं, धर्मों व वेशभूषाओं का है। लेकिन, ऐसी क्या चीज थी, जिसकी बदौलत महात्मा गांधी ने सबको जोड़कर देश की आजादी में अपना बहुत बड़ा योगदान दिया। वह चीज 'गीता का उपदेश' ही तो था। उन्होंने गीता को ही तो अपनाया था और कर्मयोग को अपनाकर सबको एकसूत्र में जोड़ा था।

मुझे इस बात का बेहद गर्व है कि मैं उस पिता का पुत्र हूँ, जिन्होंने जन्म से लेकर, निधन की घड़ी तक देश की सेवा की और समाज सेवा का काम किया। उन्होंने पन्द्रह वर्ष की उम्र में लाहौर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन में अपने बड़े भाई के साथ भाग लिया। वहां से प्रभावित होकर उन्होंने ग्रेजुएशन के उपरान्त स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लेने का संकल्प लिया।

स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान वे आठ विभिन्न जेलों में रहे, जिनमें चार जेल आज हिन्दुस्तान में हैं और चार जेल पाकिस्तान में हैं। हिन्दुस्तान में रोहतक, हिसार, अंबाला और फिरोजपुर हैं और पाकिस्तान में मुल्तान, सियालकोट और दोनों जेल लाहौर की हैं। आजादी के बाद वे सात विभिन्न सदनों के सदस्य रहे। मैं समझता हूँ कि प्रजातांत्रिक ढ़ांचे में कोई व्यक्ति सात विभिन्न सदनों का सदस्य नहीं रहा होगा। वे संविधान सभा, संविधान सभा (विधायिका,) अस्थाई लोकसभा, लोकसभा, पंजाब असैम्बली, हरियाणा असैम्बली और फिर राज्य सभा आदि के सदस्य रहे।

जब देश आजादी के दहाने पर था और आजादी देने का फैसला हो चुका था तो वर्ष 1946 में चुनाव होने जा रहा था। उस समय हरियाणा व पंजाब एक ही थे। कांग्रेस ने उन्हें चुनाव लड़वाने का फैसला किया। लेकिन, वे उस समय जेल में थे। बात उल्लेखनीय है कि उस समय संयुक्त पंजाब में मेरे पिता जी ऐसे स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्हें सबसे बाद में जेल से छोड़ा गया।

संविधान सभा में किसानों की आवाज उठाने वाले वे पहले व्यक्ति थे। उन्होंने किसानों के हक में 'एमएसपी' यानी, 'मिनीमम सपोर्ट प्राइज' का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह देश में होना चाहिए और आपको यह देना पड़ेगा। उन्होंने 6 नवम्बर, 1948 को अपने पहले भाषण में कहा कि 'मैं एक किसान का बेटा हूँ। गाँव मे ंपला–पढ़ा हूँ। मुझे उनकीं तकलीफें मालूम हैं।'

डा. कर्ण सिंह बहुत बड़े विद्वान हैं। उन्होंने जो कुछ कहा, उसका मूल निष्कर्ष, जो मैं समझता हूँ, वह है 'धर्म और कर्म'। धर्म के बारे में इन्होंने साफ बतलाया कि जो आत्मा बोलती है, उसके अनुसार काम करना, 'धर्म' है और बगैर फल व इच्छा के 'कर्म' करना 'धर्म' है। जो व्यक्ति अपना 'कर्म', 'धर्म' के साथ करता है, वह कर्मयोगी होता है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि चौधरी रणबीर सिंह कर्मयोगी थे। मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूँ कि वे मेरे पिता थे। एक पुत्र होने के नाते मुझे उनकीं राजनीतिक, पारिवारिक, राष्ट्रीय, सामाजिक आदि हर जिम्मेवारियों का भलीभांति पता था। मैं अपने दिल पर हाथ रखकर, बड़े विश्वास और इज्जत के साथ कह सकता हूँ कि मैंने स्वयं एक देवता के रूप में अपने पिता जी को देखा है।

मैं डा. कर्ण सिंह जी का अत्यन्त आभारी हूँ, जोकि उनके साथ रहे। उस समय मैं तो छोटा बच्चा ही था। कई बार उन्हें पिता जी के साथ देखता था और पिता जी भी उनकी बातें बताया करते थे। आज डा. साहब उनकी स्मृति में व्याख्यान देने आए, समय निकाला और प्रेरणास्त्रोत के रूप में अपने विचार रखे, इसके लिए मैं उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

डा. साहब ने 'गीता का सन्देश' व्याख्यान में जो विचार दिए हैं, उन्हें ग्रहण करके जाएंगे तो, आपकी बहुत सारी समस्याओं का समाधान अपने आप निकलता चला जाएगा। हमारी सभी समस्याओं का समाधान गीता में ही है। इसलिए गीता का सन्देश अपनाएं और उसे अपने जीवन में उतारें। जब आप इसे अपने जीवन में उतार लेंगे और अच्छी तरह ग्रहण कर लेंगे तो आप जातपात, रंगभेद, ऊंच–नीच आदि सब चीजों से ऊपर उठ जाएंगे। आप अपने कर्म में लग जाएंगे और जो आपकी अंतर्रात्मा कहेगी, वही कर्म करेंगे। आप धर्म में लग जाएंगे और धर्म के साथ कर्म करके आप कर्मयोगी बन जाएंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं फिर से डा. साहब का दिल की गहराईयों से धन्यवाद व्यक्त करता हूँ।

चौधरी रणबीर सिंह : संक्षिप्त जीवन घटनाक्रम

पिताश्री : चौधरी मातूराम

माताश्री : श्रीमती मामकौर

दादा जी : चौधरी बख्तावर सिंह

दादी जी : श्रीमती धन्नो

भाई–बहन :

1. डा. बलबीर सिंह
2. सुश्री चन्द्रावती
3. चौधरी फतेह सिंह

वर्ष	विवरण
1914 (26 नवम्बर)	: जन्म (रोहतक जिले के सांघी गाँव में)
1920	: प्राथमिक शिक्षा हेतु गाँव के स्कूल में प्रवेश।
1924	: प्राथमिक शिक्षा पूर्ण
1929	: लाहौर अधिवेशन में बड़े भाई के साथ शिरकत।
1933	: मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण
1937	: बी.ए. उत्तीर्ण
1937	: गृहस्थ जीवन में प्रवेश
1941	: सक्रिय राजनीति में प्रवेश
1941 (5 अप्रैल)	: प्रथम जेल यात्रा (व्यक्तिगत सत्याग्रह)
1941 (24–25 मई)	: जेल से रिहा
1941	: दूसरी जेल यात्रा (एकता आन्दोलन)
1941 (24 दिसम्बर)	: जेल से रिहा
1942 (14 जुलाई)	: पिताश्री का देहांत
1942 (24 सितम्बर)	: तीसरी जेल यात्रा (भारत छोड़ो आन्दोलन)।
1943 (25 अप्रैल)	: मुल्तान से लाहौर जेल में

1944 (24 जुलाई)	: जेल से रिहा
1944 (28 सितम्बर)	: चौथी जेल यात्रा (नजरबंदी उल्लंघन)
1944 (7 अक्तूबर)	: रोहतक जेल से अम्बाला जेल में
1945 (14 फरवरी)	: जेल से रिहा
1945	: पुनः गिरफ्तारी।
1945 (18 दिसम्बर)	: जेल से रिहाई।
1947 (10 जुलाई)	: संविधान सभा सदस्य निर्वाचित
1947 (14 जुलाई)	: संविधान सभा सदस्यता ग्रहण
1948 (6 नवम्बर)	: संविधान सभा में प्रथम भाशण
1952	: रोहतक लोकसभा सीट से विजयी
1957	: दूसरी बार हुए विजयी,
1962	: पंजाब विधान सभा में कलानौर से विजयी
1962	: पंजाब में बिजली व सिंचाई मंत्री
1966 (1 नवम्बर)	: हरियाणा–गठन।
	: मंत्री पद पर नियुक्त
1968 (12–14 मई)	: मध्यावधि चुनाव। पुनः विजयी
1972 (अप्रैल)	: राज्यसभा के लिए चुने गए
1977	: हरियाणा कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष बने
1978	: राज्यसभा में कार्यकाल सम्पन्न
1980	: हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष कार्यकाल सम्पन्न
2009 (1 फरवरी)	: स्वर्गवास
2009 (2 फरवरी)	: रोहतक में 'संविधान–स्थल' पर अंत्येष्टि

प्रकाशक :

चौधरी रणबीर सिंह शोधपीठ

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक